कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-25.06.2025

विषयः- **थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा 02 नफ़र गौ-तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से गोकशी हेतु 01 अदद पिकप वाहन में लादकर ले जाये जा रहे कुल 07 राशि जिन्दा गोवंश बरामद।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा 01 पिकअप वाहन में कुछ गोवंशों को अवैध रूप से लादकर वध हेतु बिहार ले जाने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांक-25.06.2025 को समय करीब 01.40 बजे 02 नफ़र अभियुक्तगण 01. मनोज राजभर पुत्र दूधनाथ राजभर निवासी ग्राम मुरदी थाना सिंधौरा जिला वाराणसी व 02. राहुल यादव पुत्र फौजदार यादव निवासी ग्राम परानापट्टी थाना चोलापुर जिला वाराणसी को ग्राम परानापट्टी में पोखरे के पास थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। कब्जे से 01 अदद पिकअप वाहन में क्रूरतापूर्वक लादे गये कुल 07 राशि जिन्दा गोवंश (04 गाय व 03 बछवे) बरामद हुए। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0274/2025 धारा 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रुरता अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्तगण मनोज राजभर व राहुल यादव ने पूछताछ करने पर बताया कि हम दोनों व हमारा एक अन्य साथी गोवंश को अलग-अलग जगहों से ले जाकर बिहार राज्य में एकत्रित करते हैं। इसके बाद हमलोग उक्त गोवंशो को बिहार से ट्रक व कन्टेनर में लादकर पश्चिम बंगाल वध हेतु ले जाते हैं, जिससे हम लोगों को अच्छा पैसा मिल जाता है। आज भी हम लोग इन्हें लेकर बिहार ले जा रहे थे कि आप लोगों ने हमें पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. मनोज राजभर पुत्र दूधनाथ राजभर निवासी ग्राम मुरदी थाना सिंधौरा जिला वाराणसी, उम्र 32 वर्ष।
2. राहुल यादव पुत्र फौजदार यादव निवासी ग्राम परानापट्टी थाना चोलापुर जिला वाराणसी, उम्र करीब 22 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

कुल 07 राशि जिन्दा गोवंश (04 गाय व 03 बछवे) व 01 अदद पिकअप योद्धा वाहन रजि0 नम्बर UP65JT5313 बरामद।

<u>गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-</u> ग्राम परानापट्टी में पोखरे के पास थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से, दिनांक-25.06.2025 को समय करीब 01.40 बजे।

<u>आपराधिक इतिहास-</u>

1. मु0अ0सं0-0274/2025 धारा 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रुरता अधिनियम थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-</u>

1- उ0नि0 गणेश दत्त त्रिपाठी थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2- हे0का0 दीपक पाण्डेय थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3- हे0का0 लवकुश कुमार थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4- का0 विकास कुमार थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।